Jagran

SC, ST backlog posts to be recruited shortly

संवाद सहयोगी, चम्पावत : अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। मांग उठाई गई कि अनुसूचित जाति जनजाति के बैकलाग के पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए।

नगर के एक होटल में जिलाध्यक्ष मदन राम आर्य की अध्यक्षता व महासचिव दयाल विश्वकर्मा के संचालन में बैठक हुई। चर्चा के बाद जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मुरली मनोहर को उपाध्यक्ष, बलवंत प्रसाद विश्वकर्मा व दयाल विश्वकर्मा को सचिव, गिरीश कुमार को संगठन सचिव, मदन लाल प्रचार मंत्री, नंदू राम कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार को आय व्यय निरीक्षक चुना गया।

बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति के बैकलाग के पदों पर शीघ्र भर्ती किए जाने, पदोन्नति में आरक्षण के लिए बनाई गई इरशाद हुसैन कमेटी की सिफारिशें लागू किए जाने, शिक्षा विभाग में की जा रही पदोन्नति में अनुसूचित जाति जनजाति के पदों को सुरक्षित रखने, कक्षा एक से 12 तक अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों के लिए आय प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त किए जाने, कक्षा छह से आठ तक के छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया को समाप्त कर पूर्व की भांति छात्रवृत्ति दिए जाने की मांग उठाई गई।

बैठक में रामप्रसाद कालाकोटी, सोमपाल सिंह, हर्ष प्रदीप टम्टा, त्रिलोक राम, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार टम्टा, मनोज कुमार, अनिल कुमार, आशा टम्टा, चंद्रकला टम्टा, सुनीता कालाकोटी, चंद्रप्रकाश, सुभाष राना आदि मौजूद रहे।